उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत कोष को मंज़ूरी दी

चर्चा में क्यों

हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने केदारनाथ क्षेत्र में **अत्यधिक वर्षा से प्रभावित व्यापारियों की सहायता** के लिये **मुख्यमंत्री** आपदा राहत कोष से विशेष सहायता को मंज़ूरी दी।

मुख्य बिंदु

- यह धनराशि अत्यधिक वर्षा के कारण **लिनचौली से** सोनप्रयाग तक पैदल और मोटर मार्गों को हुए नुकसान से प्रभावित व्यापारियों को मुआवज़ा देने के लिये आवंटित की गई है
- स्वीकृत राशि का उपयोग विशेष रूप से **31 जुलाई** को हुई क्षति से प्रभावित लोगों के लिये किया जाएगा।
- भुगतान ई-बैंकिंग **अथवा डिमांड ड्राफ्ट** के माध्यम से किया जाएगा तथा लाभार्थियों का विवरण ज़िला स्तर पर रखा जाएगा।
- रुद्रप्रयाग ज़िले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों से लगभग 17,000 लोगों को निकाला गया।

मुख्यमंत्री राहत कोष (CM Relief Fund- CMRF)

- मुख्यमंत्री राहत कोष (CMRF) प्राकृतिक आपदाओं जैसे- बाढ़, सूखा, भूकंप आदि या किसी अन्य समान आपदाओं से प्रभावित पात्र परिवारों और व्यक्तियों को राहत प्रदान करने के लिये एक आपातकालीन सहायता योजना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-cm-approves-flood-relief-funds